FOOD MARKETING INSTITUTE

# (एफ़एमआई) अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता कार्यक्रम

**सफ़लता के रास्ते पर आपका दीर्घकालिक साझेदार**

655 15th Street, NW, Suite 700 Washington, DC 20005
फ़ोन: 202.452.8444 फैक्स: 202.220.0878

## ► वैश्विक आहार उद्योग के अंतर्गत

# व्यापारों को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम

दुनिया के हर कोने में छोटे से लेकर बड़े आहार परचूनी तथा थोकदारों को फ़ूड मार्केटिंग इंस्टिट्यूट (आहार विपणन संस्था यानि एफ़एमआई) द्वारा पेश की गई जानकारियों और शैक्षिक संसाधनों से फ़ायदा हो रहा है।

**एफ़एमआई के अंतर्राष्ट्रीय सदस्य होने के नाते आपको अपनी कंपनी के प्रमुख लक्ष्यों को पूरा करने, अपनी संचालन व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा अपने बाज़ार का विस्तार बढ़ाने में रणनीतिक समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा।**

खास तौर से आपके व्यापार को फलने-फूलने में मदद करने के लिए अभिकल्पित, आप हमारी सेवाओं, कार्यक्रमों तथा बचत के मौकों की व्यापक श्रृंखला का समर्थन ले सकेंगे। एफ़एमआई की एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता से आपको अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए हमारे कर्मी आपकी सेवा में हमेंशा हाज़िर रहेंगे।

एफ़एमआई का अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता कार्यक्रम युनाइटेड स्टेट्स से बाहर स्थित सभी परचूनी और थोकदार कंपनियों लिए खुला हुआ है।

# अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता से मिले लाभों

का अनुभव कीजिए

## शक्तिशाली

### शक्तिशाली सूचनाएं

- बेहतरीन व्यापारिक प्रथाओं, वैश्विक मानदंडों तथा निर्देश-चिन्हों से जुड़े संसाधनों द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिद्वंदियों के बारे में अधिक ज्ञान प्राप्त करें।
- उद्योगवार तथा एफ़एमआई द्वारा प्रायोजित अवसरों के दौरान व्यापारिक नाते जोड़ने के अनोखे मौकों का फ़ायदा उठाएं।
- यू.एस के महत्वपूर्ण विषयों के बारे में ताज़ा समाचार, प्रवृत्तियों तथा हाल की घटनाओं की जानकारी प्राप्त करके अपने व्यापारिक परिप्रेक्ष्य को विस्तारित करें।
- एफ़एमआई की सूचना सेवा तथा हमारे विशेषज्ञ शोध कर्मियों से 24 घंटे के अंदर उद्योग के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब प्राप्त करें।
- एफ़एमआई के मानव संसाधन विशेषज्ञों की मदद के साथ अपने प्रबंधन टीम की दक्षताएं बढ़ाएं, सर्वोत्तम कर्मचारियों को कंपनी में टिके रहने के लिए आकर्षित करें और अपना मुनाफ़ा बढ़ाएं।
- इंटरनेट आधारित संसाधनो के बारे में अपनी जानकारी बनाए रखें, और इसमें अगुआ भी बनें।
- संकट तथा आपात्कालीन परिस्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में जानकारी पाकर अपने व्यापार और सहयोगियों की रक्षा करें।
- अपनी सदस्यता का अधिक से अधिक फ़ायदा उठाने के लिए कार्यक्रमों, पेशकशों तथा अन्य समाचारों की मासिक व आधुनिकतम खबरें पाएं।

### अग्रवर्ती शिक्षा

- सहयोगियों की दक्षता बढ़ाने और मुनाफ़ा मे सुधार लाने के लिए भिन्न औद्योगिक प्रकाशनों, सर्वेक्षणों और प्रशिक्षण सामग्रियों को महत्वपूर्ण बट्टे पर प्राप्त करें।
- आपकी सफ़लता बढ़ाने के लिए खास तौर से आयोजित सम्मेलनों तथा कार्यशिविरों में बचत की दरों पर भाग लें।
- वार्षिक एफ़एमआई समारोह के दौरान पेश किए गए उच्चतर शिक्षा कार्यक्रमों द्वारा उद्योग के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाएं। इन कार्यक्रमों में उद्योग की सामयिक अवस्था पर बेजोड़ सत्रें, विषय-विशेष गोष्टियां तथा ब्योरेवार रणनीतिक कार्यशिविरें शामिल होंगी।
- उपभोक्ता शिक्षा के मामलें में आधुनिक से आधुनिक संसाधनों को पेश करके अपने ग्राहकों के लिए महत्वपुर्ण सुचना केन्द्र बन जाएं।
- युनाइटेड स्टेट्स के कृषि विभाग के समर्थन द्वारा एशिया में आयोजित हमारे शिक्षा सम्मेलनों तथा तकनीकी सहायता से प्राप्त ज्ञान के आधार पर व्यापारिक प्रथाओं में सुधार लाएं।

## अग्रवर्ती

## आज ही एफ़एमआई के सदस्य बनें।

आज ही एफ़एमआई से संपर्क करके जान लें कि एफ़एमआई अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता कार्यक्रम के द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों, रिश्तों और जानकारियों के साथ आप अपने व्यापार की सफ़लता को कैसे बढ़ा सकते हैं। हमें +1 (202) 220.0806 पर फ़ोन लगाएं या ऑनलाइन www.fmi.org पर जाकर हमारा परिचय लें, या फिर हमसे ई-मेल द्वारा intlmembership@fmi.org पर संपर्क करें।

# विशेषज्ञता

## आहार सुरक्षा में विशेषज्ञता

- हमारे अपने विशेषज्ञ कर्मियों से ज़रूरी जानकारियां तुरंत प्राप्त करें।
- आहार सुरक्षा प्रशिक्षण के हमारे व्यापक संसाधनों के माध्यम से अपने सहयोगियों की दक्षता स्तर बढ़ाएं। हम ऑन लाइन कोर्स, जोखिम मूल्यांकन, प्रशिक्षण वीडियो तथा प्रकाशन सामाग्रियाँ उपलब्ध करा सकते हैं। कई संसाधनें स्पैनिश भाषा में उपलब्ध हैं।
- Safe Quality Food (SQF) यानि सुरक्षित व उच्च गुणवत्ता आहार कार्यक्रम द्वारा प्रमाणित विक्रेताओं के साथ काम करके अपनी कंपनी में आहार की सुरक्षा बढ़ाएं। यह एक ऐसा आहार सुरक्षा/गुणवत्ता प्रमाणीकरण कार्यक्रम है जिसमें "खेत से लेकर दुकान तक" हर कदम शामिल है। SQF को HACCP, Codex, ISO तथा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के उद्देश्यों पर आधारित किया गया है। विश्व के स्तर पर 70 प्रतिशत आहार बिक्री आय का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था Global Food Safety Initiative ने SQF की मान्यता स्वीकार की है।
- आहार सुरक्षा के आधुनिकतम रणनीतियों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करें।
- यू.एस की सीमा-शुल्क तथा नियामक आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल करके अपने शोध समय को घटा दें और सरल बना दें।

## आपके लिए खास लाभ

- नेटवर्किंग के अवसरो के दौरान दुनिया भर से आए विक्रेताओं, प्रदायकों तथा उद्योग के उच्च प्रबंधकों के साथ रिश्ते स्थापित करें।
- हमारे विशेषज्ञ ग्रंथालय कर्मियों से व्यक्तिगत शोध करा कर अपने लक्ष्यों का समर्थन करें।
- आपके पसंदीदा विषयों तथा यात्रा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए खास आपके लिए व्यवस्थित दुकान के दौरों में प्रभावकारी रणनीतियों तथा नए उत्पादों के बारे में सीखें।
- एफ़एमआई समारोह में हमारे कर्मचारियों से मदद मांग कर अपने दल की यात्रा को और सरल बना दें।
- एफ़एमआई समारोह की प्रदर्शनी का अनुवादित दौरा व्यवस्थित करें और वहाँ प्रस्तुत दुभाषियों का समर्थन मांगे।
- भाषण के लिए एफ़एमआई के नेताओं और बाहर के विशेषज्ञों को आमांत्रित करते समय उनके प्रति अधिक पहुँच पाएं।
- यू.एस में मूल आदान-प्रदान हेतु नए रिश्ते विकसित करें और अन्य देशों में व्यापारिक दौरों पर अनूठे तथा उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को ढूढ़ निकालें।
- इलेक्ट्रॉनिक विचार-विमर्श समूहों के माध्यम द्वारा उद्योग में अपने समकक्ष व्यक्तियों के साथ बात-चीत करें और अपने दृष्टिकोण को संचारित करें।
- हमारे कटिवद्ध कर्मियों को अपना सदस्य-संपर्क बनाकर उनपर निर्भर करें।

# आपके लिए खास लाभ

युनाइटेड स्टेट्स और विश्व भर में स्थित अपने 1,500 परचूनी व थोकदार सदस्य कंपनियों की ओर से फ़ूड मार्केटिंग इंस्टिट्यूट (आहार विपणन संस्था यानि एफ़एमआई) शोध, शिक्षा, औद्योगिक संपर्क तथा जन संपर्क कार्यक्रमों का संचालन करती है। एफ़एमआई के यूएस स्थित सदस्य लगभग 26,000 परचूनी आहार की दुकानें चलाते हैं जिनका कुल वार्षिक विक्रय 340 अरब डॉलर है – यानि युनाइटेड स्टेट्स के सभी परचूनी आहार दुकानों के विक्रय का तीन-चौथाई हिस्सा। एफ़एमआई के परचूनी सदस्यों में बड़े मल्टी-स्टोर चेन, क्षेत्रीय कंपनियाँ और स्वतंत्र सूपरमार्केट शामिल हैं। इसके अंतर्राष्ट्रीय सदस्यों में 50 भिन्न देशों से आई 200 कंपनियाँ हैं।